# 28 मई तक संपत्ति सत्यापन का 60% काम पूरा करवाना करें सुनिश्चित

◆ नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र की कुल 2 लाख 17 हजार 619 में से एक लाख नौ हजार 313 संपत्तियां सत्यापित हो चुकी हैं। 50.23 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी ने प्रदेश भर में रिकार्ड बनाया है। उक्त जानकारी निगमायुक्त अखिल पिलानी ने शुक्रवार को निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए दी। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार भी मौजूद रहे।

निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने कर्मचारियों से संपत्ति सत्यापन कार्य की रिपोर्ट मांगी। जिसके बाद उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संपत्ति सत्यापन कार्य में नगर निगम यमुनानगर बेहतर कार्य कर रहा है। लेकिन पिछले कुछ माह से संपत्ति सत्यापन कार्य धीमी गति से हो रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कुछ कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के सर्वे में लगे हुए हैं। जिसके चलते कार्य प्रभावित हुआ है। निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाकर 28 मई तक 60 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि अभी नगर निगम क्षेत्र की 50 प्रतिशत से अधिक संपत्तियां स्वयं सत्यापित हुई हैं। अगले 10 दिन में इनमें तेजी लाएं। ऐसे संपत्तियां जिनका विवरण नहीं है। जिनके मालिकों व मोबाइल नंबरों का पता नहीं है। इसके अलावा बहुत से खाली प्लाट हैं। जिनके मालिकों का भी पता नहीं है।

## नगर निगम क्षेत्र की 109313 संपत्तियां अब तक हो चुकी हैं सत्यापित



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त अखिल पिलानी। फोटो: हरिभूमि।

### बिना संपत्ति सत्यापित के जमा नहीं होगा टैक्स

अभी उन्हें रोककर ऐसी संपत्तियों को सत्यापित करें। जिनके मालिक, मोबाइल नंबर व सही पते हमारे पास हैं। कर्मचारी घर घर जाएं व रोजाना अधिक से अधिक संपत्तियां सत्यापित कराएं। तीनों निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों पर भी प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कोई भी कार्य कराने वाले व्यक्ति की भी संपत्ति सत्यापित की जा रही है। टैक्स बिना संपत्ति सत्यापित किए जमा नहीं करें। संपत्तियां सत्यापित करने के लिए लोगों की आपत्तियां दर्ज कर उनका समाधान भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी संपत्ति स्वयं सत्यापित करें। संपत्ति सत्यापित करने से जहां उनकी प्रॉपर्टी सुरक्षित रहेगी। उनकी प्रॉपर्टी आईडी से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। मालिक अपनी प्रॉपर्टी स्वयं सत्यापित करने में असमर्थ है तो वह निगम कार्यालयों में अपनी प्रॉपर्टी स्वयं सत्यापित कराएं। ऐसा करने से प्रॉपर्टी मालिक प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से भी बच जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शादी का दिया झांसा, युवती से होटल में दुष्कर्म

**यमुनानगर।** युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। 19 वर्षीय युवती ने बताया कि उसकी शौयब नामक युवक से पहचान थी। आरोपी ने 29 नवंबर 2024 को उसे मिलने के लिए बुलाया। वह उसे एक होटल में ले गया तथा शादी का झासा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी उससे बार-बार संबंध बनाता रहा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

### खेतों में खड़े पॉपुलर के 42 पेड़ चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव भंगेडी में अज्ञात व्यक्ति ने अशोक कुमार के खेतों में खड़े पॉपुलर के 42 पेड़काट कर चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव भंगेड़ी निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उसने अपने खेतों में पॉपुलर के पेड़ लगाए हुए हैं। दो मई की शाम को वह खेतों से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह खेतों में गया तो वहां से पॉपुलर के 42 पेड़ कटे मिले। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये है। उसने पेड़ काट कर चोरी करने वाली आरोपी का पता करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण का कार्य सरकार की है महत्वपूर्ण योजना : डीसी

# अमृत सरोवर योजना साबित हो रही कारगर, बढ़ रहा भूमिगत जलस्तर

डीसी पार्थ गुप्ता ने खेड़ी लक्खा सिंह समेत कई गांवो का दौरा कर अमृत सरोवर कार्य का किया निरीक्षण, डीसी ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गांव खेड़ी लक्खा सिंह में अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उपायुक्त।

हरियाणा सरकार की अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण का कार्य करने की सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शुक्रवार को गांव खेड़ी लक्खा सिंह, सिकंदरा व चमरौड़ी के अमृत सरोवरों का निरीक्षण करते हुए दी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी।

डीसी शुक्रवार को सबसे पहले खेड़ी लक्खा सिंह में पहुंचे और वहां पर अमृत सरोवर के चारों तरफ बनाए गए पार्क का निरीक्षण किया। मौके पर गांव के पूर्व सरपंच सुरेश खुराना ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि अमृत सरोवर बनने से पानी का स्तर बढ़ रहा है। वहीं, अमृत सरोवर के चारों तरफ घूमने के लिए पार्क बनाया गया है। जिसमें पेड़ पौधे लगाए गए हैं और लोग सुबह शाम इस पार्क में सैर करते हैं। जिससे उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण का कार्य हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। अधिकारियों के साथ गांव सिकंदरा में पहुंचे। उन्होंने सिकंदरा गांव में महादेव इनडोर जिम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांव सिकंदरा के सरपंच राजेन्द्र कुमार ने बताया कि यह इनडोर जिम ग्राम पंचायत की तरफ से बनाया गया है। इस जिम के बनने से गांव के लोगों को फायदा हुआ है। गांव के बच्चे सुबह शाम जिम करने के लिए यहां आते है । ताकि उनका स्वास्थ्य ठीक रहे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मौके पर ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी फसलों के बारे में जानकारी हासिल की। किसानों ने उपायुक्त को बताया कि इस बार फसल काफी अच्छी हुई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने ग्रामीणों से उनके गांव में नशा आदि के बारे में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोग नशे से दूर हैं। लोगों ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा का विशेष ध्यान रहता है कि गांवों मे नशा न पहुंचे और वे नशा मुक्त रहें।

मौके पर ग्रामीण गुरदेव चड्ढा व गुरबाज सिंह ने उपायुक्त को गांव में पानी की निकासी की समस्या के बारे में अवगत करवाया। एसडीएम रादौर व बीडीपीओ श्याम लाल को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द गांव में पानी की निकासी की समस्या का समाधान करें। डीसी ने गांव चमरोड़ी में शमशान घाट की चारदीवारी, फ्लोर टाईल, शैड व शहीद उधम सिंह कांबोज पैलेस का निरीक्षण किया। चमरोड़ी के सरपंच ने डीसी को अवगत कराया कि शमशान घाट का कार्य शिवधाम स्कीम के तहत किया गया है। लंबे समय से लटका तालाब अब बनकर तैयार हो गया है। इस मौके पर आईएएस सुमन यादव, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### जेएमआईईटीआई कॉलेजः कार्यशाला में छात्रों को दिया व्यवहारिक प्रशिक्षण

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के एप्लाइड साइंस विभाग की ओर से शुक्रवार को स्वराज पब्लिक स्कूल दामला के 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्रों को प्रोजेक्ट्स पर हैंड्स ऑन अनुभव, एप्टीट्यूड एवं वैदिक गणित पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिससे उनकी तार्किक एवं मानसिक क्षमताओं को मजबूती मिली। वायरलेस सेंसर नेटवर्क पर एक प्रभावशाली सत्र आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने वायरलेस तकनीकों की कार्यप्रणाली को समझा। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर सत्र आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने मशीन लर्निंग, डेटा प्रोसेसिंग आदि



जैसे विषयों की जानकारी प्राप्त की। मौके पर फेलिसिटेशन सेरेमनी का आयोजन भी किया गया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनके उत्साह की सराहना की गई। संस्थान के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने इस सफल आयोजन के लिए संकाय सदस्यों एवं प्रतिभागियों को बधाई दी और भविष्य में ऐसे और तकनीकी कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।



## महर्षि कश्यप जयंती पर 23 को लाडवा मंडी में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महर्षि कश्यप की जयंती के अवसर पर 23 मई को लाडवा की अनाज मंडी में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इंद्री के विधायक रामकुमार ने जिले के दर्जनों गांव में जनसंपर्क कर लोगों को आमंत्रित किया।

विधायक ने गांव रामखेडी, जटेहडी, संखेड़ा, लल्हाड़ी, मानकपुर, चौली, मछरौली, मिल्क, व्यासपुर, मलिकपुर ,पाबनी व जागधौली में जनसंपर्क कर लोगों को महर्षि कश्यप जयंती में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि 23 मई को लाडवा की अनाज मंडी में ऐतिहासिक राज्यस्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जयंती में प्रदेश के सभी स्थानों से लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। महर्षि कश्यप जयंती समारोह को बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह से मनाने के लिए हलके के अलावा अन्य जिलों के गांव गांव में पहुंचकर लोगों को लाडवा में आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस मौके पर मांगे राम कश्यप, सुमेरचंद कश्यप, रेनू कश्यप, मामचद, मदन लाल, सुखराज व जयपाल आदि मौजूद रहे।

### भागीरथ जयंती समारोह को लेकर बांटे निमंत्रण पत्र

**रादौर।** विशाल सैनी समिति की ओर से 19 मई को फुलवारी गार्डन सहारनपुर में होने वाले महाराजा भागीरथ जयंती समारोह को लेकर शुक्रवार को कई गांवों का दौरा कर उन्हें निमंत्रण पत्र वितरित किए गए। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने टोपरा खुर्द, टोपरा कला, अकबरपुर, धौड़ंग, दामला, नंदपुरा, कांजनू, जुब्बल आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को निमंत्रण पत्र दिए। प्रधान संदीप सैनी व लाभ सिंह सैनी ने बताया कि सहारनपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर गांवों में ग्रामीणों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग भी भाग लेंगे। इस मौके पर सरपंच देवेंद्र सिंह पबला, अमन सैनी सरपंच, रिंपी सैनी, सुमित सैनी, लाभ सिंह सैनी, नमन सैनी, सतीश सैनी इत्यादि मौजूद रहे।





यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित संगोष्ठी में विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन करते हुए विशेषज्ञ।

# विद्यार्थी नशे से दूर रहकर अपनाएं सकारात्मक जीवनशैली: लुबांशी

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल (चांदपुर) में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर संगोष्ठी का किया आयोजन।
- स्वास्थ्य विभाग के मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लुबांशी ने दिए स्वस्थ रहने के टिप्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल(चांदपुर) यमुनानगर में स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा शुरू की गई मुहिम मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लुबांशी ने भाग लिया। मौके पर नर्सिंग अधिकारी रिंकू भी मौजूद रहे।

मुख्य वक्ता एवं मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लुबांशी ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव के प्रकार, जीवन में संतुलन बनाए रखने के उपायों तथा वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ रही ड्रग्स की प्रवृत्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक स्वास्थ्य और तनाव या दबाव को समझना और उसका सामना करना जीवन की सफलता के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरएक्टिव और शिक्षाप्रद बनाते हुए न केवल मानसिक समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। बल्कि नशे से दूर रहने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर स्वयंसेवी संस्था एक नई सोच के अधिकारी शशि ने भी अपने विचार रखे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि आज की पीढ़ी जिस तेजी से मानसिक दबाव और नकारात्मक प्रवृत्तियों की ओर बढ़ रही है।

इसके लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करना नितांत आवश्यक है। हम अपने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त, आत्मविश्वासी और जागरूक बनाना चाहते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं है। बल्कि बच्चों को एक बेहतर इंसान बनाना है। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि यह संगोष्ठी विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी रही है। मौके पर विद्यार्थियं ने विशेषज्ञों से प्रश्न भी पूछे। जिनका विशेषज्ञों ने उत्तर देकर विद्यार्थियों को जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समाजसेवी ललित यादव , खेल विभाग के बैडमिंटन कोच अयोध्या ,सुश्री प्रीति बिस्वास आदि मौजूद रहे।

## अनाज मंडी रादौर में मां भगवती का जागरण आज

- शिव एकता सेवा समिति रादौर द्वारा आयोजित किया जाएगा 25वां विशाल जागरण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शिव एकता सेवा समिति के तत्वावधान में 17 मई की रात्रि को रादौर अनाज मंडी मार्ग स्थित पानी की टंकी के नजदीर 25वें विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। मां भगवती जागरण का शुभारंभ जोत प्रज्वलित करके किया जाएगा।

पार्षद गुलशन सैनी, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, संजीव घेसपुरिया, चिंकी, मोहित, राजन व गोल्डी आदि ने बताया कि मां भगवती के जागरण के आयोजन को लेकर सदस्यों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। मां भगवती जागरण में गायिका शिल्पी कौशिक उत्तरप्रदेश, ईशु गोड हरियाणा व संजू पागल हापुड़, उत्तरप्रदेश व राहुल राज म्यूजिकल ग्रुप दिल्ली मां भगवती का गुणगान किया जायेगा। जागरण में हवन कर सभी के लिए सुख शांति की कामना की जाएगी। उन्होंने बताया कि रविवार 18 मई को दोपहर 12 बजे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने शहर व क्षेत्र के लोगों से मां भगवती के जागरम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जागरण व भंडारे में पहुंचकर मां भगवती का आर्शीवाद प्राप्त करने की अपील की।

## नारी में आध्यात्मिक जागृति आवश्यक

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को किया गया रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में आयोजित सम्मान समारोह में विजेता छात्रों के साथ आयोजक। फोटो: हरिभूमि।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से गांव चमरोड़ी में चल रही शिव कथा शुक्रवार को भी जारी रही। इस दौरान कथावाचक साध्वी सुश्री सुमन भारती ने नारी की महिमा का गुणगान किया।

साध्वी सुमन भारती ने पार्वती जन्म की कथा का सिमरन करते हुए बताया कि एक नारी का समाज में कितना महान योगदान है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण के लिए कहा। यदि नारी को सशक्त करना है तो नारी को आध्यात्मिक जागृति की अति आवश्यकता है। इसी बीच उन्होंने समाज में फैल रही भ्रूण हत्या रूपी कुरीति का घोर खंडन किया। आए हुए भक्तों से यह प्रतिज्ञा ली कि वह अपने जीवन काल में कभी न स्वयं भ्रूण हत्या जैसे पाप में शामिल होंगे। दूसरों को भी इसके लिए जागृत करेंगे।

इस अवसर पर साध्वी पुष्प भद्र भारती एवं किरण भारती ने सुमधुर भजनों का गायन कर भक्तों को मंत्र मुक्त किया। इस अवसर पर डॉ.ऋषिपाल सैनी, कमल चमरोड़ी, नरेश फौजी, रमेश सैनी, पोली, विपिन कांबोज व विजय कुमार इत्यादि भी मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशिक्षण शिविर में प्रगतिशील किसान हुए शामिल

# धान की सीधी बिजाई से कम होगी फसल लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



कृषि विज्ञान केंद्र दामला द्वारा केंद्र परिसर में धान की सीधी बिजाई करने विषय पर किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। प्रशिक्षण शिविर में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में कृषि विज्ञान केंद्र दामला के मुख्य संयोजक डॉ. संदीप रावल ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता डॉ. संदीप रावल ने किसानों को बताया कि धान की सीधी बिजाई करने से जहां पानी की बचत होती है। वहीं, फसल पर लागत भी कम आती है। इसके अलावा धान की सीधी बिजाई करने पर फसल पर कीड़े व बीमारियों का प्रकोप भी कम होता है। इससे वातावरण पर दुष्परिणाम नहीं होते हैं और जलस्तर को भी बचाया जा सकता है। शस्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. आराधना बाली ने धान की सीधी बिजाई में रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि पानी की बचत और अच्छे बीज जमाव के लिए खेत का समतलीकरण करना आवश्यक है। डॉ. रावल ने कहा कि किसानों को वही किस्में चुननी चाहिए जो कम अवधि और कम पानी की लागत से अच्छी पैदावार दे सकें। उन्होंने ने बताया कि बिजाई का उचित समय 25 मई से 10 जून तक मानसून आने से पहले है।

उन्होंने कहा कि बिजाई बत्तर में या सूखे खेत में 8 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से करनी चाहिए। बिजाई से पहले 200 ग्राम पोटेशियम नाइट्रेट 10 लीटर पानी में बीज उपचार करने की सिफारिश की। इससे जमाव में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने खरपतवार प्रबंधन, कीट और बीमारी नियंत्रण के लिए भी उचित दवाइयों के बारे में किसानों को जानकारी दी।

इसके अलावा उन्होंने धान की सीधी बिजाई में उर्वरकों की सही मात्रा, उचित समय और तकनीकी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। डॉ. रावल ने धान की सीधी बिजाई में उपयोग की जाने वाली डीएसआर मशीन की सिफारिश के बारे में बताया कि यदि किसानों को मशीन के उपयोग में कोई समस्या आती है तो वह केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर मृदा विशेषज्ञ डॉ. एनके गोयल ने धान की सीधी बिजाई के लिए मृदा उर्वरकता को बरकरार रखने के तरीके सुझाए। मौके पर प्रशिक्षण सहायक डॉ. करण सिंह व डॉ. अजीत इत्यादि किसान व कृषि विशेषज्ञ शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### एंटी टीजिंग एंड बुलिंग के बारे में दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्कूलों में एंटी टीजिंग एंड बुलिंग के बारे में जागरूक करने के लिए हैल्प डेस्क लगाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए पीएलवी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को एंटी टीजिंग के बारे में जानकारी दी गई।

### श्रीकृष्ण आयुष विवि की साइक्लोथॉन यात्रा 3 को

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान के अंतर्गत 3 जून को शहर में साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में की जा रही हैं। आयोजन संयोजन में आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. वैद्य देवेंद्र खुराना, एनएसएस प्रभारी प्रो. पीसी मंगल व डॉ. सुखबीर भूमिका निभा रहे हैं।


**कुरुक्षेत्र।** कुलपति प्रो. करतार सिंह।

### कल जाट धर्मशाला में लगेगा रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जाट सभा कुरुक्षेत्र सदैव समाज सेवा के कार्यों में संलग्न रहती है। कुछ दिन पहले जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र का चुनाव हुआ था जिसमें जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद चुने गए थे। जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र का प्रधान बनते ही डॉ. कृष्ण श्योकन्द ने संकल्प लिया था कि वह बुजुर्गों के आशीर्वाद से और नौजवानों व अन्य समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलों पर पूरा फोकस रखेंगे। 18 मई को जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

### डोनर फाउंडेशन के चेयरमैन के निवास पर पहुंचे सांसद नवीन जिंदल



**कुरुक्षेत्र।** डोनर फाउंडेशन के चेयरमैन रजनीश गुप्ता के निवास पर सांसद नवीन जिंदल पहुंचे जहां चेयरमैन रजनीश गुप्ता एवं नवीन जिंदल ने अनेक मुद्दों पर चर्चा की। नवीन जिंदल ने डोनर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं संस्था के प्रोजेक्ट को लेकर विचार विमर्श किया। नवीन जिंदल ने डोनर फाउंडेशन द्वारा मजदूरी कर रहे बच्चों एवं भीख मांगने वाले बच्चों को स्कूलों में पढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए संस्था की जमकर प्रशंसा की। जिंदल ने नवविवाहित अनुभव गुप्ता एवं मिशिका को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विनोद गर्ग, सुशील बंसल, देवेंद्र जिंदल, गुरिंदर नत, रविंद्र सांगवान, अनुभव, मीशिका गुप्ता, डॉ वीणा गुप्ता, सरिता शर्मा, भूषण मंगल, बलविंदर, अजैब भी मौजूद रहे।

### सांसद जिंदल व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

# आपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में नजर आया कुरुक्षेत्र के हर वर्ग का जोश और जज्बा

इस तिरंगा यात्रा का शहर में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

देश के वीर जवानों की गरिमा, शौर्य, पराक्रम और आत्मसम्मान को सलाम करने के लिए कुरुक्षेत्र में आप्रेशन सिंदूर यात्रा के दौरान बच्चें, बुर्जुग,महिला और नौजवानों का जोश और जज्बा देखने को मिला है। इस आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में हजारों लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके देश के जवानों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने का काम किया। इस तिरंगा यात्रा का शहर में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। यह सिंदूर तिरंगा यात्रा सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी और उपायुक्त नेहा सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही युवा, बुर्जुग और भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता थीम पार्क में एकत्रित होना शुरू हो गए थे। इस यात्रा में शामिल होने वाले प्रत्येक नागरिक के हाथ में भारत की आन-बान-शान तिरंगे को देखा जा सकता था। सांसद नवीन जिंदल और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने थीम पार्क से आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यह तिरंगा यात्रा थीम पार्क, सैनी समाज धर्मशाला, महाराणा प्रताप चौक, मेन बाजार, सिकरी चौक, कच्चा घेर, अंबेडकर चौक से होती हुई छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब पर सम्पन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा में उपायुक्त नेहा सिंह, एसडीएम अमन कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, निदेशक हरपाल सिंह चीका, चेयरमैन जय सिंह पाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी,भाजपा के प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, परमजीत कौर कश्यप, रेनू खुंगर, अन्नू माल्यान ने प्रमुख रूप से अगुवाई की। सांसद नवीन जिंदल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशवासियों को बधाई दी और इसे राष्ट्र की गरिमा, शौर्य और आत्मसम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, आत्मसम्मान और वीरता का उत्सव है।


**कुरुक्षेत्र।** तिरंगा यात्रा में शामिल सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।


**कुरुक्षेत्र।** तिरंगा यात्रा में शामिल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### भारत ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी : सुभाष सुधा

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, वह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट संदेश पूरी दुनिया ने सुना कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा। यही नए भारत का आत्मविश्वास है और विकसित भारत की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी। उन्होंने कहा कि गैर-सैन्य कार्रवाई में सिंधु जल संधि निलंबित की गई। कलाकार, वीजा, व्यापार सब कुछ बंद किया। पाक नागरिकों की वापसी की, अटारी बॉर्डर सील किया, आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और पाकिस्तान को पूरे संसार से अलग-थलग कर दिया। यह युद्ध नहीं था। यह नए भारत का प्रतिशोध था। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, रविन्द्र सांगवान,भाजपा के मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, सैनी समाज के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरदयाल सुनहेडी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि बतान, राजकुमार सैनी,डा.ऋषिपाल मथाना, मंडल अध्यक्ष विवेक रावत, विवेक सैनी, नरेन्द्र जांगडा, सुनील चौधरी, प्रदीप झांब, विक्रम शर्मा, महिपाल ढांडा,सोहन लाल,नवाब सिंह संधू,मंदीप सिंह विर्क, दीप चंद सैनी, राकेश पुरोहित, विनोद गर्ग,बाबू राम टाया आदि उपस्थित थे।

### हमारे सैनिकों ने कड़ा सबक सिखायाः सांसद जिंदल

सांसद ने कहा कि हमारे सैनिकों ने राष्ट्र को जख्म देने वालों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत माता की आन-बान और सम्मान के प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगे को झुकने नहीं दिया। यह तिरंगा यात्रा भारत माता के गौरव का उत्सव है। यह राष्ट्र के आत्मसम्मान और शौर्य का उत्सव है। यह हमारी राष्ट्रीय चेतना, एकता और स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। नवीन जिंदल ने कहा कि यह उन रणबांकुरों को समर्पित है, जिन्होंने दुश्मन को उसकी भाषा में जवाब दिया। यह हमें हर क्षण देशभक्ति की प्रेरणा देता है।

### तिरंगा यात्रा निकाल वीर जवानों का किया सम्मान



**शाहबाद।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकली जा रही है। देश के लोग बड़े उत्साह से तिरंगा यात्रा में भाग ले रहे हैं। इस श्रृंखला में शाहबाद के विश्राम गृह से भारी मात्रा में नगर वासी पूर्व जिला अध्यक्ष मिजार्पुर और भाजपा नेता सुभाष कलसाना की अगुवाई में कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि जिन सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान माँ भारती की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देकर अमरता को प्राप्त किया। आज शाहाबाद में उन वीर को समर्पित तिरंगा यात्रा द्वारा जवानों को सलूट किया गया। जब देश पर संकट आता है, तब हमारे सैनिक अपने जीवन की परवाह किए बिना सीमा पर खड़े हो जाते हैं। उनकी यही निस्वार्थ भावना हमें बार-बार याद दिलाती है कि राष्ट्र सबसे ऊपर है। तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति हमारी अटूट निष्ठा, शहीदों के प्रति हमारी कृतज्ञता और भारत माता के प्रति हमारी अखंड भक्ति का प्रतीक बन गई। हर हाथ में लहराता तिरंगा, हर आँख में श्रद्धा और हर हृदय में शहीदों को याद किया गया।

### विहल चेयर पर यात्रा में शामिल हुए जयभगवान शर्मा डीडी

भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी विहल चेयर पर बैठकर आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने थीम पार्क से लेकर छठी पातशाही गुरुद्वारा तक इस तिरंगा यात्रा के सफर को पूरा किया। उन्होंने कहा कि देश के वीर जवानों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया। इस बहादुरी के लिए देश के वीर सैनिक बधाई के पात्र है।

## न्यूज डायरी

### गीता विद्यालय में डेंगू जागरूकता रैली निकाली



**कुरुक्षेत्र।** गीता विद्यालय में डेंगू विश्व दिवस पर जिला मलेरिया रोकथाम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में साप्ताहिक जागरूकता सप्ताह अभियान का शुभारम्भ हुआ। जिला के मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, जिला स्वास्थ्य मलेरिया निरीक्षक डॉ. प्रद्युमन शर्मा तथा उनकी पूरी टीम ने एनसीसी -एअर विंग, थल सेना, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्काउट्स एवं खेल विभाग के खिलाडियों की टीम बनाकर डेंगू से अपना तथा अपने समाज का बचाव करने के लिए एक सप्ताह तक अभियान चलाने का प्रशिक्षण दिया। 5-5 स्वयंसेवकों की टीम बनाकर उसकी रिपोर्ट अपने विभाग के अधिकारियों को सौपने को कहा। विद्यालय की ओर से विद्यालय निदेशक अनिल कुलश्रेष्ठ, प्राचार्य अनिल मदान, नरेन्द्र कौशिक, अनिल अरोडा एनसीसी थलसेना कमाण्डर जयदीप मेहता, एअर विंग ऑफिसर विकास कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमुख पुनीत डोडा, स्काउट प्रमुख महावीर वत्स, राजीव सैनी, भूपेन्द्र गोस्वामी, सुशील चौधरी ने छात्र स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया।

### आस-पास पानी जमा न होने दें : डा. सुखबीर सिंह



**कुरुक्षेत्र।** सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अचानक तेज बुखार होना, तेज सिर दर्द होना, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना जैसे ऐसे लक्षण दिखते ही प्राथमिकता के तौर पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाएं। ये सभी लक्षण मलेरिया, डेंगू व अन्य बीमारी के हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस देशभर में 16 मई को मनाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र के अंतर्गत जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा इस दिवस को बड़े स्तर पर मनाया गया। जिला में कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को डेंगू से बचाव, रोकथाम, उपायों के बारे में जागरूक किया गया। जिला कुरुक्षेत्र के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचने के लिए अपने आस-पास पानी जमा न होने दें। पूरी बाजू के कपड़े पहने, सप्ताह में एक दिन अपने घरों के फूलर, टंकियों छतों पर पड़े सामान (जिसने पानी जमा होने की संभावना हो) को खाली करें, ताकि मच्छर पैदा होने की प्रक्रिया पूरी न हो सके। रात के समय पूरी बाजू के कपड़े पहने और मच्छरदानी का प्रयोग करे। सप्ताह में रविवार को सूखा दिवस (ड्राई डे) मनाएं। इस दिन कुलर, टंकियों, होदियों, पशु-पक्षियों के बर्तनों को धोकर व सूखा करके दोबारा पानी भरें ताकि लारवा न पनप सके।

### उपेक्षा की मार झेल रहा पिहोवा : डॉ. जसविंदर खैहरा

**पिहोवा।** पिहोवा विस क्षेत्र विकास के मामले में लंबे समय से उपेक्षा और ठहराव की मार झेल रहा है। विधायक की लगातार गैरमौजूदगी ने हल्के की जनता को लावारिस छोड़ दिया है। इसी क्रम में युवा नेता डॉ. जसविंदर खैहरा आज पिहोवा शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने संगम सैनी द्वारा शुरू किए गए नए कपड़ों के शोरूम के उद्घाटन अवसर पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा उद्यमियों का आगे आना स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए शुभ संकेत है। डॉ. खैहरा ने क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि विधायक की गैरमौजूदगी से पिहोवा की जनता बेसहारा महसूस कर रही है। डॉ. खहैरा ने साफ कहा, जब जनप्रतिनिधि जनता से दूर हो जाएं, तो जनता को खुद ही आगे आना होगा। डॉ. खैहरा ने अंत में कहा, पिहोवा को अब लावारिस हल्का नहीं रहने देना है।


**पिहोवा।** संगम सैनी के शोरूम के उद्घाटन अवसर पर बधाई देते डॉ जसविन्द्र खैहरा। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविरः 5428 शिकायतों में से 3694 निपटाईं

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि समाधान शिविर की पेंडिंग शिकायतों का समाधान करने जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इनको समयबद्ध निपटाने के काम को विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे। किसी भी अधिकारी की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अब तक 5428 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 3694 शिकायतों का निपटान कर दिया गया है, 377 शिकायतें पेंडिंग हैं। 1002 शिकायतों को रद्द किया गया और 216 शिकायतें रि-ओपन की गई हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन करवाया हुआ है।



**कुरुक्षेत्र।** समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह। फोटो : हरिभूमि

### पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने दिया धरना

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 मुख्यालय चरखी दादरी कैंप कार्यालय करनाल की शाखा जन स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा राजेश सैनी ब्रांच चेयरमैन की अध्यक्षता में कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल कुरुक्षेत्र के कार्यालय पर गेट मीटिंग हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव राम रत्न शर्मा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा व राज्य चेयरमैन सत्यपाल वर्मा ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र के कार्यकारी अभियंता द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया हुआ है। यह अधिकारी हरियाणा सरकार द्वारा दी हुई सुविधाओं को लागू न करके अपने तुगलकी फरमान जारी कर रहा है। एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों को आज तक वेतनमान नहीं दिया गया। एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों के बच्चे भूखे मर रहे हैं।

### सभा की गर्वनिंग बॉडी के चुनाव की अधिसूचना जारी

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र की गर्वनिंग बॉडी के चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार गर्वनिंग बॉडी का चुनाव प्रक्रिया 15 मई से शुरू हो गई है। श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा के चुनाव अधिकारी एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मतदाता सूची का 15 मई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। 26 मई तक वोटर सूची पर एतराज मांगे गए हैं। वहीं मतदाता सूची पर ऐतराज का निपटारा 30 मई को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कॉलिजयम की फाइनल मतदाता सूची 6 जून को श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी। 11 व 12 जून को कॉलेजियम सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल होंगे। 13 जून को नामांकन पत्रों पर ऐतराज मांगे गए हैं। 16 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उसके उपरांत 20 जून को नामांकन पत्र वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

## हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के उपरांत जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस विस्तार के अंतर्गत रसायन विज्ञान प्राध्यापक राजेंद्र कुमार बठला राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, इस्माईलाबाद को वरिष्ठ उपप्रधान तथा अर्थशास्त्र प्राध्यापक विनीत गुप्ता पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिहोवा को संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। हसला के चैयरमैन सतबीर कौशिक, संरक्षक डॉ. शीशपाल जांगड़ा, महासचिव जयप्रकाश, उपमहासचिव संदीप फोगाट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सैनी, उपप्रधान रविदत्त, वित्त सचिव अली शेर एवं राममेहर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। चैयरमैन सतबीर कौशिक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हसला का उद्देश्य प्राध्यापकों की समस्याओं को दूर करना और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना है। जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा, हसला एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करता है। संरक्षक डॉ. शीशपाल जांगड़ा ने राजेंद्र कुमार तथा विनीत गुप्ता को शुभकामनाएं दीं राजेश सैनी ने कहा कि हसला हमेशा शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाता रहा है।

### सीएम सैनी का लाडवा विस की समस्याओं को निपटाने पर फोक्स : महेंद्र सिंह



**लाडवा।** मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाडवा विधानसभा की समस्याओं को निपटाने पर पूरा फोकस है। विधानसभा के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जा रहा है। हलके गांव व शहरी क्षेत्र के हर गांव व वार्ड में विकास कार्यों को शुरू करवाया हुआ है। कुछ विकास कार्यों का काम पूरा हो चुका है। अधिकतर का निर्माण प्रगति पर है। जिन विकास कार्यों का निर्माण चल रहा है, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन विभागों के अधिकारियों को जल्दी कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इन कामों का हलके की जनता को लाभ मिलना शुरू हो जाए। सीएम के ओएसडी महेंद्र सिंह शुक्रवार को लाडवा के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आयोजित खुले दरबार में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचने पर नपा चेयरमैन साक्षी खुराना और मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

## अवैध कॉलोनियों के निर्माण को डीटीपी ने किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा।



जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा पिहोवा में लगभग 6 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा पिहोवा के गांव भटहेडी में लगभग 6 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 6 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनियों की सडकें, सीवरेज, मेनहॉल, और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के गांव बटहेडी में लगभग 6 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी की सडकें, सीवरेज, मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

## भिवानीखेड़ा विद्यालय के कार्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा थानेसर में जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र श्रीमती संतोष शर्मा द्वारा विद्यालय के कार्यालय का उद्घाटन किया गया एवं विद्यालय का निरीक्षण भी किया तथा विभिन्न कक्षाओं के बच्चों के स्तर की जांच की व अध्यापकों की सराहना की। प्रधानाचार्या डा. बलजीत कौर ने स्वेच्छा से अपनी तरफ से इक्यावन हजार रुपए की राशि विद्यालय के विकास के लिए दान दी। ग्राम पंचायत भिवानी खेड़ा के सरपंच प्रवीण कुमार सैनी ने भी विद्यालय में बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने का आश्वसन दिया। इस अवसर पर विज्ञान विशेषज्ञ डा. तरसेम सिंह, अतुल शास्त्री व डा. सुनीता बीआरपी थानेसर तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### डॉ संजय विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से लगा चुके 2000 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ संजय शर्मा ने दीप पब्लिक स्कूल में लगाया फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर

मुख्य अतिथि पं. बलराम गौतम को चेयरमैन बैसाखी राम एवं मैनेजर कुलदीप सैनी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



समर्पण, सेवा और स्वास्थ्य का संगम आज दीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय टाटका में देखने को मिला, जहां आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2000वां निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि वे वर्ष 1987 से जनसेवा की ओर एक कदम आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य सूत्र को आत्मसात कर समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। श्री वेदमाता गायत्री एवं तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य शांतिकुंज हरिद्वार के पावन आशीर्वाद व प्रेरणास्त्रोत से वे कुरुक्षेत्र, चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली, अंबाला, यमुनानगर, करनाल, कैथल एवं रोपड़ सहित अनेक क्षेत्रों में विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से 2000 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने में समर्थ हुए हैं। मुख्य अतिथि पं. बलराम गौतम, संरक्षक पराशक्ति साधक वेद पाठशाला चैरीटेबल ट्रस्ट ने कहा कि डॉ. संजय शर्मा जैसी विभूतियां समाज की प्रेरणा होती हैं, जिनका जीवन सेवा के लिए समर्पित है। डॉ. राकेश भारद्वाज प्रधान इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स कुरुक्षेत्र ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

इस दौरान डॉ. संजय शर्मा व डॉ. राकेश भारद्वाज को मुख्य अतिथि पं. बलराम गौतम एवं स्कूल चेयरमैन बैसाखी राम ने अंग वस्त्र एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पं. बलराम गौतम को भी चेयरमैन बैसाखी राम एवं मैनेजर कुलदीप सैनी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### डॉ. संजय शर्मा के प्रयासों को सराहा

कुलदीप सिंह मैनेजर ने डॉ. संजय शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य, सेवा-पथ पर निरंतर प्रगति और समाज में जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सविता सैनी प्रिंसिपल, नरेंद्र कुमार, रीटा, पिंकी, कोमल, सुषमा, डिम्पल, मंजू, किरण बाला, रजनी, बलविंदर, सोनिया व अन्य सहयोगी स्टॉफ इत्यादि मौजूद रहे।

